दिनांक : 01.08.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी, मुख्यमंत्री ने जताया आभार।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश आने का दिया आमंत्रण।
- भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार को लेकर हुई बैठक में सकारात्मक सुधार पर जोर।
- ओवल में इंग्लैंड के साथ पांचवें और अंतिम टैस्ट मैच के पहले दिन कल भारत ने 6 विकेट पर 204 रन बनाए।

मंत्रिमंडल निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कल रेल मंत्रालय की करीब 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को अनुमति दी है। इनमें इटारसी- नागपुर चौथी लाइन भी शामिल है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को 2025-26 से चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये की केंद्रीय अनुदान सहायता योजना को स्वीकृति दे दी है।

इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए आभार माना है। डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेश्वर से श्रीशैलम और रामेश्वरम तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी। परियोजना के क्रियान्वयन से हर साल 5.3 करोड़ लीटर डीजल की बचत के साथ ही 10 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। साथ ही एक हजार 206 करोड़ रुपए की लॉजिस्टिक्स लागत में भी बचत संभावित होगी।

आउटरीच समिटः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक और गुणवत्तापूर्ण कपास उत्पादन करने वाला राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योग प्रोत्साहक राज्य की छवि बनाते हुए सभी सेक्टर्स के उद्यमियों को आमंत्रित कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने ईज ऑफ डूइंग के अंतर्गत 42 कानूनों को खत्म किया है, जो व्यापार में बाधा बनते थे। राज्य सरकार ने उद्योग शुरू करने के लिए जरूरी 29 अनुमतियों को भी कम करके 10 तक सीमित कर दिया है। प्रदेश में उद्योगपतियों को बिजली, पानी, जमीन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। मध्यप्रदेश में विद्युत, ऊर्जा और जल की पर्याप्त उपलब्धता है। राज्य की नीतियां उद्योपतियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में कल भोपाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जस्टिस श्री सप्रे ने कहा है कि भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी 3 माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाए। लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए ताकि सड़कों पर छोटे वाहनों का दबाव कम हो सके।

सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जस्टिस अभय मनोहर सप्रे ने मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है। उनके जीवन को बचाने के लिए मिशन की शुरूआत मध्यप्रदेश से की है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि भारत सरकार की ही तरह तात्कालिक एवं दीर्घकालीन उपाय प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किये जायेंगे।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देश भर के किसानों को 20वीं किश्त का वितरण किया जाएगा। इस दिवस को "पीएम किसान दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम वाराणसी उत्तरप्रदेश में होगा। इस अवसर पर प्रदेश में भी कार्यक्रमों का आयोजन और सीधा प्रसारण किया जाएगा।

सिंधिया-मोबाइल कॉन्क्लेव

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए लाइसेंस दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्पेक्ट्रम आवंटन की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है। नई दिल्ली में मोबाइल टेलीफोनी के तीस वर्ष पूरे होने पर आयोजित मोबाइल कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत का डिजिटल सफर बेहतरीन रहा है।

यूनियन कार्बाइड

भोपाल के यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे को जलाने के बाद बची 900 मीट्रिक टन जहरीली राख को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉर्मेशन एंड एक्शन की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पूछा है कि जहरीले कचरे को जलाने के बाद बची राख को आबादी से दूर दफनाने के लिए सरकार की क्या योजना है? जबलपुर हाईकोर्ट ने इसे पीथमपुर की बजाय आबादी से दूर किसी वैकल्पिक स्थान पर दफन करने की योजना की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। मामले पर अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।

निर्वाचन आयोग- उपराष्ट्रपति चुनाव

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य तथा लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल हैं। आयोग को निर्वाचक मंडल के सदस्यों की नवीनतम सूची तैयार करने का दायित्व है।

भूलेख पोर्टल

प्रदेश में संचालित भूलेख पोर्टल का वर्जन अब वेब जीआईएस 2.0 लांच किया गया है। एमपी भूलेख पोर्टल राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करने के लिये विकसित किया गया है। भूलेख के नये वर्जन के आने से नागरिकों को कम समय में अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वेब जीआईएस 2.0 में वेब पोर्टल के साथ-साथ मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराया गया है। अब नागरिक खसरे की प्रमाणित प्रतिलिपि व्हाट्स ऐप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं।

विष्व स्तनपान सप्ताह

आज से विष्व स्तनपान सप्ताह प्रारंभ हो रहा है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम “इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन द फ्यूचर” है। खंडवा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के तहत आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्तनपान के महत्व और उसके लाभ संबंधी जानकारी दी जायेगी। नर्मदापुरम जिले में भी

स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

क्रिकेट

लंदन के केनिंगटन ओवल में इंग्लैंड के साथ पांचवें और अंतिम टैस्ट मैच के पहले दिन कल भारत ने 6 विकेट पर 204 रन बनाए। करुण नायर ने महत्वपूर्ण अर्द्धशतक लगाया। 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रसिद्ध तिहरे शतक के बाद देश से बाहर यह नायर का पहला अर्द्धशतक है। सांई सुदर्शन ने 38 रन बनाए और वॉशिंगटन सुंदर 19 रन बना कर नाबाद रहे। नायर और सुंदर ने 88 गेंदों में 51 रन की साझेदारी की। आज वे दूसरे दिन बल्लेबाजी जारी रखेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- युवाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगरमालवा में आज युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।
- पन्ना जिले में कल से 11 अगस्त तक विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- उच्च न्यायालय ने निजी और अपात्र लोगों को अपने वाहनों में लगे हूटर हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रमुख सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, डिप्टी आरटीओ से चार हफ्ते में जवाब मांगा है।
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चयनित ग्रामों की ग्राम विकास योजना निर्माण के संबंध में मंडला में जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई।

-------